Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Patle Shri Shishupal Natthu

an>

Title : Need to enhance the supply of LPG in various parts of the country.

श्री शिशुपाल पटले (भण्डारा) : महोदय, मैं पैट्रोलियम एवं गैस मंत्री महोदय का इस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि देश के कुछ राज्यों में, जैसे कि महाराट्र के विदर्भ में गैस सिलेण्डरों की काफी कमियां पाई गई हैं। पिछले 10 महीने से विदर्भ में तुमसर तहसील, भण्डारा और गोंदिया जिले में गैस सिलैण्डरों की परेशानी है। जैसे तुमसर में 22 हजार कंज्यूमर्स को गैस सिलैण्डर देने की आवश्यकता है, लेकिन वहां पिछले 10 महीने से 6-6.5 हजार गैस सिलैण्डर ही पहुंच रहे हैं। इसके कारण वहां के ग्राहकों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। मैं मंत्री महोदय से विनती करता हूं और उनसे मांग भी करता हूं कि गैस सिलेण्डरों की कमी के क्या कारण हैं? यह कमी होने के पीछे मेरी जानकारी के हिसाब से प्राइवेट लोगों को ज्यादा गैस सिलैण्डर बेचे जा रहे हैं, इसलिए इसकी जांच हो और तुमसर, भंडारा और गोंदिया के लोगों को गैस सिलैण्डर की पूर्ति करने के सम्बन्ध में मंत्री महोदय आवश्यक कार्रवाई करें।